दिनांकः 16.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात और कतर का कल से करेगा दौरां
- स्वच्छता ही सेवा अभियान कल से होगा शुरू–प्रदेश में अभियान को लेकर व्यापक तैयारियां
- सिरोही के पिंडवाड़ा में सड़क हादसे में नौ लोगों की मृत्यु–15 लोग घायलं
- पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्मदिन आज ईद मिलाद–उन–नबी के रूप में मनाया जा रहा है–प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मजलिसें और जुलूस के आयोजनं

.....................................................................

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों के मद्देनजर उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में कल से राज्य सरकार का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात और कतर का दौरा करेगां तीन दिवसीय प्रवास के दौरान यह प्रतिनिधिमंडल दोनों देशों के कई गणमान्य व्यक्तियों और व्यापार जगत के अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करेगां इसके अलावा, प्रतिनिधि मंडल खाड़ी देशों के निवेशकों को भी आमंत्रित करेगां इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक अन्य उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले हफ्ते दक्षिण कोरिया और जापान में इन्वेस्टर्स रोड शो की एक श्रृंखला में भाग लिया थां इस दौरान इन दोनों पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के कई निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया हैं

.....................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात में गांधीनगर के महात्मा मंदिर में चौथे नवीकरणीय ऊर्जा निवेश वैश्विक औद्योगिक सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगें वे अहमदाबाद से गांधीनगर और गिफ्टसिटी के बीच अहमदाबाद मेट्रो के दूसरे चरण का भी शुभारंभ करेंगें प्रधानमंत्री पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों से भी मिलेंगें इस सम्मेलन और प्रदर्शनी का आयोजन केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से किया जा रहा हैं सम्मेलन में नवीकरणीय ऊर्जा निर्माण और वितरण में भारत की शानदार प्रगति को दर्शाया जाएगां

.....................................................................

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 कल से शुरू हो रहा हैं 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के इस साल का विषय ''स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता'' रखा गया हैं इसके तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिड़ियाघरों, अभयारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामुहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगीं देशभर में केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों और राज्यों की ओर से इस सिलसिले में कई गतिविधियां आयोजित कर आम लोगों को शामिल किया जाएगां राज्यभर के सभी जिलों में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत होगीं सवाईमाधोपुर में कई संगठनों की ओर से स्वच्छता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को साफ–सफाई के प्रति जागरुक किया जाएगां

.....................................................................

राज्य सरकार के मंत्री कल से अपने–अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा करेंगें इस दौरान वे प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, स्वच्छता ही सेवा अभियान, मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव और राजकीय कार्यों के शिलान्यास और लोकापर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगें जिला प्रभारी मंत्री राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट के सम्बंध में आयोजित होने वाले जिला समिति की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगें इसके साथ ही एसडीआरएफ के तहत स्वीकृत और प्रस्तावित कार्यों, बजट घोषणाओं के तहत कराये जाने वाले कार्यों के लिए भूमि आवंटन सम्बंधित कामों और बजट घोषणाओं की समीक्षा करेंगें

.......................................................................

सिरोही जिले के पिंडवाड़ा क्षेत्र में कल रात हुए सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मृत्यु हो गई और 15 लोग घायल हो गएं यह हादसा उस वक्त हुआ, जब यात्रियों से भरी जीप ट्रक से टकरा गईं सभी लोग उदयपुर जिले के उगनासागर के रहने वाले हैं ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

.......................................................................

चूरू जिले के राजलदेसर में एक ट्रेलर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मृत्यु हो गईं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सिरोही हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया हैं

.......................................................................

भारतीय वायुसेना की ओर से अखिल भारतीय एयर जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जैसलमेर में एरोबेटिक शो का आयोजन किया जाएगां वायु सेना की ''सूर्य किरण एरोबेटिक टीम'' एयरक्राफ्ट के जरिए साहसिक प्रदर्शन करेगीं

.......................................................................

आज अंतरराष्ट्रीय ओज़ोन परत संरक्षण दिवस मनाया जा रहा हैं हर साल 16 सितम्बर को मनाए जाने वाले इस दिवस का उद्देश्य ओज़ोन परत को हानिकारक तत्वों से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करना है, ताकि पृथ्वी का संरक्षण किया जा सकें विभिन्न गैसों के मुलायम कवच के रूप में ओज़ोन परत पृथ्वी को सूर्य की किरणों के हानिकारक असर से बचाती है और जीवन के संरक्षण में मदद करती हैं इस वर्ष ओज़ोन दिवस का विषय है – मांट्रियल प्रोटोकॉल–जलवायु के क्षेत्र में आगे बढ़ते कदमं

.......................................................................

पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर देशभर में आज ईद मिलाद–उन–नबी का पर्व धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं इस अवसर पर मिलाद महफिल और सीरत जलसों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें पैगम्बर मोहम्म्द साहब के जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में बताया जा रहा हैं इस मौके पर मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद मिलाद–उन–नबी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि पैगम्बर मोहम्मद साहब ने समाज में समानता और सद्भाव पर जोर दिया थां राष्ट्रपति ने लोगों से इस अवसर पर पवित्र धर्मग्रंथ कुरान की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण करने की अपील की हैं

इधर, प्रदेश में भी ईद मिलाद–उन–नबी के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं राजधानी जयपुर में दोपहर बाद जुलूस निकाला जाएगां ये जुलूस घाटगेट से रवाना होकर शाम को कर्बला पहुंचेगां इस दौरान यातायात की विशेष व्यवस्था की गई हैं

भीलवाडा में लोगों में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा हैं यहां मस्जिदों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया हैं यहां निकाले जाने वाले जुलूस को लेकर पुलिस ने कल फ्लैग मार्च किया और शांति समिति की बैठक आयोजित कर लोगों से शांतिपूर्ण रूप से त्यौहार मनाने की अपील कीं पाली, नागौर, हनुमानगढ, सवाईमाधोपुर और डूंगरपुर सहित अन्य जिलों में भी इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं

.......................................................................

राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के लिए ऑनलाईन आवेदन की आखिरी तारीख 19 सितम्बर हैं देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गिरीश कुमार बच्चानी ने बताया कि इस यात्रा के तहत वरिष्ठजन को हवाई जहाज से नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर की यात्रा कराई जाएगीं इसके अलावा 15 देवस्थानों की यात्रा रेल द्वारा कराई जाएगीं

.......................................................................